आंदोलन | स्वास्थ्य-सफाई और अतिक्रमण सहित 17 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

# बम्हनी बंजर में पीपल्स पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना



**नैनपुर/बम्हनी बंजर।** बम्हनी नगर की जन हितैषी समस्याओं और अव्यवस्थाओं के निराकरण की मांग को लेकर आपकी अपनी पार्टी (पीपल्स) द्वारा स्थानीय गांधी चौक में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। विगत 23 जुलाई से शुरू हुआ यह धरना प्रदर्शन सोमवार 27 जुलाई को अपने पांचवें दिन भी लगातार जारी रहा। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपनी मांगों के समर्थन में लगातार डटे हुए हैं।

पार्टी के पदाधिकारियों का कहना है कि बम्हनी नगर पालिका में घोर अनियमितताएं की जा रही हैं। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का आलम है और नगर के बस स्टैंड में भी भारी अव्यवस्थाएं व्याप्त हैं। नगरवासियों की आवाज बुलंद करने के लिए पार्टी ने 17 सूत्रीय मांगों का एक मांग पत्र तैयार किया है, जिसके आधार पर यह अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है।

### नगर की 17 प्रमुख समस्याओं के निराकरण की मांग

पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर के मुख्य मार्ग संजय चौक से खेरमाई चौक तक सड़क का चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण किया जाए। वार्ड नं. 6 के मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण किया जाए। बस स्टैंड पर बसें उनके निर्धारित स्थान पर ही खड़ी करवाई जाएं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ओपीडी निर्धारित समय पर चालू करवाई जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी, एक्सरे, ईसीजी, दंत चिकित्सक, दवाइयां और महिला चिकित्सक की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। नगर के मुर्गा-मछली बाजार को नगर के बाहर विस्थापित किया जाए, नगर में संचालित शराब दुकान को नियमानुसार नगर से बाहर किया जाए। नगर के विभिन्न वार्डों में हो रही अवैध शराब की बिक्री तुरंत बंद कराई जाए। कचरा वाहन का मासिक शुल्क कम करके 30 रुपये किया जाए। नगर के मार्गों एवं नालियों की नियमित साफ-सफाई कराई जाए। वार्ड नंबर 13 टिकरी टोला की पेयजल समस्या का जल्द से जल्द स्थाई निवारण किया जाए। वार्ड नंबर 13 एवं 14 में निर्मित सुलभ शौचालय में जल व्यवस्था एवं साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। वार्ड नं. 2 के सुलभ शौचालय को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। नगर के मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं के जमावड़े का निवारण किया जाए। स्कूल के समय सुबह 10 से 12 बजे और शाम 4 से 5 बजे पर भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाए। वार्ड क्रमांक 2 मुक्तिधाम से वार्ड 13 तक गोंजी नाला का सीमांकन कर साफ-सफाई कराई जाए।

### ठोस निराकरण तक जारी रहेगा आंदोलन

आयोजित इस धरने में पार्टी के पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। धरना स्थल पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष राजेश हरदहा, प्रदेश महासचिव राकेश हरदहा, प्रदेश संगठन सचिव अनिल तिवारी, प्रदेश सचिव शिव हरदहा, प्रदेश सचिव सुधीर श्रीवास और मंडला जिला अध्यक्ष हरि चक्रवर्ती सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक प्रशासन इन 17 सूत्रीय समस्याओं का ठोस निराकरण नहीं करता, आम जनता के हित में यह अनिश्चितकालीन धरना अनवरत जारी रहेगा।

# रास्ते में खत्म हुई ऑक्सीजन, मरीज ने तोड़ा दम

▶ मंडला में स्वास्थ्य व्यवस्था की खुली पोल, एक घंटे देरी से पहुंची एंबुलेंस



परिजनों ने 108 पर कॉल कर ऑक्सीजन युक्त एंबुलेंस बुलाई, लेकिन वह भी करीब एक घंटे की देरी से मौके पर पहुंची।

**भुआ बिछिया।** जिले में 108 एंबुलेंस सेवाओं की लचर व्यवस्था और भारी लापरवाही ने एक 21 वर्षीय युवक की जान ले ली। इस दुखद घटना ने आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों ने एंबुलेंस सेवा पर समय पर न पहुंचने और समुचित सुविधाएं न होने का आरोप लगाया है।

जानकारी अनुसार सुनहरा माल निवासी 21 वर्षीय अजीत बरया किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित था और मंडला जिला अस्पताल में उसका नियमित डायलिसिस चल रहा था। मृतक के पिता अमन बरया का आरोप है कि बेटे की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्होंने जिला अस्पताल प्रबंधन से डायलिसिस का समय बदलने का अनुरोध किया था, लेकिन उनकी बात अनसुनी कर दी गई। इसके बाद

### कर्मचारियों की मनमानी और खत्म हुई ऑक्सीजन

परिजनों ने बताया कि मौके पर मौजूद एंबुलेंस कर्मचारी ने चिकित्सक की अनुमति न होने का हवाला देते हुए मरीज को ऑक्सीजन लगाने से साफ इनकार कर दिया। इसके अलावा मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सीधे जिला अस्पताल ले जाने के बजाय पहले बम्हनी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बम्हनी में जांच के बाद चिकित्सक ने तत्काल ऑक्सीजन लगाने के निर्देश दिए और युवक को मंडला रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि मंडला ले जाते समय रास्ते में ही एंबुलेंस का ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म हो गया। ऑक्सीजन न मिलने से अजीत की हालत तेजी से बिगड़ती गई और जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। इस गंभीर लापरवाही पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएल कोरी ने बताया कि 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन और नियंत्रण सीधे भोपाल स्थित वरिष्ठ कार्यालय द्वारा किया जाता है।

## एक नजर में

### आनंद चौकसे बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष



**भुआबिछिया/घुघरी।** भाजपा द्वारा अपने संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए आनंद चौकसे को जनपद पंचायत घुघरी के लिए पिछड़ा वर्ग मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह और हर्ष का माहौल है। अपनी नियुक्ति के अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष आनंद चौकसे ने शीर्ष पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि वे भाजपा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, पिछड़ा वर्ग समाज के अधिकारों व हितों की रक्षा करने और जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनीत कुमार चौरसिया और जिला उपाध्यक्ष राम प्रकाश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया गया श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग

**नवभारत, जबलपुर।** श्री गीता धाम, गौरीघाट में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के षष्ठ दिवस पर परम पूज्य जगद्गुरु डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और समर्पण का संदेश दिया। स्वामी ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं रसपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि रुक्मिणी का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट विश्वास और निष्काम प्रेम प्रत्येक साधक के लिए आदर्श है। स्वामी ने कहा कि जब जीव पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ भगवान को अपना सर्वस्व मान लेता है, तब स्वयं भगवान उसकी रक्षा एवं उद्धार करते हैं।

### छात्राओं व नागरिकों को किया जागरूक

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' जनजागरूकता अभियान के तहत थाना जीआरपी जबलपुर पुलिस ने सोमवार को छात्रावास एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छात्राओं एवं आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने का संदेश देते हुए युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से बचाने की अपील की।

# सरकारी आवास में फंदे से लटका मिला वनकर्मी का शव

▶ 3 से 4 दिन पहले मौत की आशंका, बीजाडांडी के कालपी डिपो में सनसनी



**बीजाडांडी।** जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कालपी डिपो में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक वनकर्मी का शव उसके सरकारी आवास में फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान छन्नू लाल झारिया के रूप में हुई है, जो कालपी डिपो में ही पदस्थ थे।

जानकारी अनुसार वनकर्मी छन्नू लाल झारिया का शव उनके सरकारी आवास के दरवाजे पर फंदे से लटका हुआ पाया गया। शव की स्थिति को देखकर पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि मौत करीब 3 से 4 दिन पहले हुई है। बंद आवास के भीतर से जब भनक लगी, तब मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

घटना की सूचना मिलते ही बीजाडांडी थाना पुलिस की टीम फौरन मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर पंचनामा की कार्रवाई की और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल वनकर्मी की मौत किन परिस्थितियों में हुई और उन्होंने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है और आसपास के लोगों व परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

▶ सरपंच के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे विद्यार्थी, सीईओ ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन

# अपग्रेड हुए स्कूल में विषय विशेषज्ञों का टोटा, विद्यार्थी परेशान



**भुआ बिछिया।** जिले के मोहगांव जनपद अंतर्गत ग्राम बिलगांव में शिक्षा व्यवस्था की एक गंभीर खामी सामने आई है। सत्र 2025-26 में बिलगांव के हाई स्कूल को उन्नत कर पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल का दर्जा तो दे दिया गया है, लेकिन 11वीं और 12वीं की कक्षाओं के लिए अब तक विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। इसके चलते विद्यार्थियों का भविष्य अधर में है और वर्तमान में हाई स्कूल के शिक्षक ही किसी तरह इन बड़ी कक्षाओं को संचालित कर रहे हैं।


**सरपंच के नेतृत्व में छात्रों ने सौंपा ज्ञापन-** इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम सरपंच लमतु सिंह धुर्वे के नेतृत्व में स्कूल के छात्र-छात्राएं जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीणा ने विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनकी समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

### एक साल बिना शिक्षकों के बीता

छात्रों और सरपंच ने बताया कि स्कूल की 11वीं कक्षा गणित, जीवविज्ञान और कला संकाय में लगभग 100 और 12वीं में 65 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। 12वीं के वर्तमान बैच का एक पूरा शैक्षणिक वर्ष बिना नियमित विषय शिक्षकों के ही बीत चुका है, जिससे उनकी पढ़ाई का भारी नुकसान हुआ है। सरपंच लमतु सिंह ने बताया कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका। इस मामले पर जनजाति कार्य विभाग के क्षेत्र संयोजक विष्णु सिंगौर ने बताया कि विद्यालय में पदों की स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अक्सर स्कूलों के उन्नयन की प्रक्रिया पहले हो जाती है, जबकि पदों की स्वीकृति मिलने में समय लगता है।

# शासकीय छात्रावास में शराब पीकर अधीक्षक ने किया हंगामा

▶ गाली-गलौज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**नैनपुर।** जिले के ग्राम टाटरी स्थित शासकीय सीनियर बालक छात्रावास का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में छात्रावास अधीक्षक पन्नूलाल वट्टी पर शराब के नशे में धुत्त होकर कर्मचारियों और छात्रों के साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगे हैं। घटना के बाद से छात्रों में आक्रोश है और यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी अनुसार रविवार देर रात करीब 2 बजे अधीक्षक पन्नूलाल वट्टी कथित तौर पर नशे की हालत में छात्रावास पहुंचे। छात्रों का आरोप है कि उन्होंने छात्रों को धमकियां दीं और छात्रावास के भृत्य के साथ भी जमकर अभद्रता की। अधीक्षक के इस व्यवहार से परेशान होकर छात्रों ने उनका वीडियो बना लिया। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया है कि तीन-चार दिन पहले अधीक्षक का बेटा भी छात्रावास में शराब पीते हुए देखा गया था, जिसका वीडियो भी मौजूद होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि अभी तक इन वायरल वीडियो और आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### अधिकारियों ने लिया संज्ञान

इस पूरे मामले के सामने आने के बाद विभाग में हड़कंप है। मामले पर सहायक आयुक्त कार्यालय के क्षेत्र संयोजक विष्णु सिंगौर ने बयान देते हुए कहा कि यह घटना उनके संज्ञान में आ चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे स्वयं छात्रावास पहुंचकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करेंगे। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षा के मंदिर बन रहे नशाखोरी का अड्डा

जिले में छात्रावासों की व्यवस्था पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है; इससे पहले सलवाह के एक छात्रावास में भी शराब पार्टी और डांस के वीडियो सामने आ चुके हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से यह प्रतीत होता है कि छात्रावास अब खुलेआम नशाखोरी के अड्डे बन रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ठोस और स्थायी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# निर्माण कार्यों में तय सुरक्षा दूरी का पालन कराया जाए : कलेक्टर

▶ कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न



**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समयसीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का विभागवार विश्लेषण तैयार किया गया है। जिसमें अधिकारियों को शिकायतों का गंभीरता से अध्ययन कर उनके मूल कारणों की पहचान करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही करनी होगी। बैठक में समग्र 2.0 पोर्टल पर मैपिंग और समग्र ई.केवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम किसान भुगतान, अवैध अतिक्रमण, नामांतरण और सीमांकन से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत शेष बल्क वेस्ट जनरेटर संस्थानों जैसे होटल, अस्पताल, सोसायटी आदि का रजिस्ट्रेशन शीघ्र पूरा करने, साइट निरीक्षण कर जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने अपात्र हितग्राहियों के नाम सूची से हटाने की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स की भी समीक्षा की गई। राष्ट्रीय और राज्य मार्गों के किनारे निर्माण कार्यों में तय सुरक्षा दूरी का पालन करने भी कलेक्टर ने निर्देश जारी किए।

# माध्यमिक शाला सुखराम में बांटी नि :शुल्क साइकिलें

▶ बच्चों के खिले चेहरे, जनपद अध्यक्ष सरपंच और ग्रामीण रहे मौजूद



**नारायणगंज।** विकासखंड नारायणगंज के माध्यमिक शाला सुखराम में शिक्षा को प्रोत्साहित करने और बच्चों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से एक भव्य नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया और ग्राम पंचायत के सरपंच कमल सिंह मरावी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलें भेंट की गईं। नई साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रमोद यादव सहित ग्राम के सम्मानित पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# रोज-रोज की गाली-गलौज से तंग आकर भाभी ने की देवर की हत्या

▶ नैनपुर में देवर-भाभी के विवाद का दर्दनाक अंत, आरोपी महिला गिरफ्तार



**नैनपुर।** जिले के नैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम रमपुरी में एक बेहद मार्मिक और विचलित कर देने वाली वारदात सामने आई है। यहां पारिवारिक कलह और रोज-रोज के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसके चलते एक भाभी ने अपने ही देवर को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी अनुसार मृतक की पहचान राम सिंह वयाम पिता मदन लाल वयाम और आरोपी महिला की पहचान कृष्णा बाई मरावी पति माखन सिंह मरावी के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में देवर-भाभी थे, लेकिन इनके बीच लंबे समय से आपसी तनाव चल रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक राम सिंह अक्सर शराब के नशे में घर के बाहर बैठकर अभद्र भाषा का प्रयोग और गाली-गलौज करता था, जिससे परिवार में आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती थी।

### पत्थर पर पटका सिर, फिर डंडे से किया जानलेवा वार

घटना वाले दिन भी राम सिंह नशे में धुत्त था और अपशब्दों का प्रयोग कर रहा था। इसी बात को लेकर देवर-भाभी के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते यह विवाद इतना उग्र हो गया कि गुस्से में आकर कृष्णा बाई मरावी ने पहले राम सिंह का सिर पास पड़े एक पत्थर पर पटक दिया और फिर डंडे से उस पर अंधाधुंध हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल राम सिंह को आसपास के लोगों ने तत्काल डायल-112 की सहायता से नैनपुर अस्पताल पहुंचाया।

बैठक | आजीविका मिशन के तहत मातरम ब्रांड से शुरू होंगे 40 प्रकार के लघु उद्योग

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने यूनिफाइड ट्रस्ट योजना का शंखनाद



**नवभारत, निवास।** तहसील निवास स्थित रेस्ट हाउस में संयुक्त रजक समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करने के साथ महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां नर्मदा एवं स्वच्छता के जनक राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज के तैल चित्र पर माल्यार्पण, तिलक वंदन और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आजीविका मिशन को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान मिशन की ब्लॉक मैनेजर पूजा शर्मा और उनकी महिला टीम ने उपस्थित रजक समाज व अन्य समाज की महिलाओं को रोजगार, सामाजिक विकास और लघु उद्योग स्थापित करने के विषय में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में निवास सहित पिपरिया, बिसौरा, बिसनपुरा, आमाडोंगरी, भीखमपुर, कोहका और निवास कॉलोनी से बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु और महिलाएं शामिल हुईं।

**यूनिफाइड ट्रस्ट की महिला सशक्तिकरण योजना पर हुई चर्चा :** बैठक में महिलाओं को यूनिफाइड ट्रस्ट के प्रोजेक्ट महिला सशक्तिकरण योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 4 प्रमुख चरणों पर कार्य किया जाएगा। महिलाओं को संगठित कर समूह बनाना। समूहों के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाना। सभी समूहों को उत्पादन कार्य की ट्रेनिंग देना। मशीन और कच्चा माल उपलब्ध कराकर उत्पादन शुरू कराना यूनिफाइड ट्रस्ट की प्राथमिकता रहेगी। इस योजना के माध्यम से 40 प्रकार के उत्पादन कार्य समूहों द्वारा किए जाएंगे। एग्रीमेंट के आधार पर कार्य करने वाली प्रत्येक महिला को 12 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

# मानस भवन रोड पर दुर्घटना को आमंत्रण देता गड्ढा

▶ पत्ते लगाकर दिया गया संकेत



**जबलपुर।** शहर के व्यस्त बस स्टैंड से मानस भवन रोड पर सड़क के बीच बना गहरा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। गड्ढे के आसपास सड़क के पत्थर उखड़ चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक बेखबर बना हुआ है।

दुर्घटना से बचाने के लिए किसी जागरूक नागरिक ने गड्ढे में पेड़ की टहनियां और पत्ते रख दिए हैं, ताकि दूर से आने वाले वाहन चालक सतर्क हो सकें। यह केवल अस्थायी व्यवस्था है और रात के समय या तेज रफ्तार में यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।यह क्षेत्र स्पेयर पार्ट्स और वाहन मरम्मत की दुकानों के साथ शहर के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले ट्रैफिक मार्गों में शामिल है। दिनभर यहां से बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया वाहन, ऑटो और पैदल राहगीरों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत और गड्ढे को भरने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय तत्काल गड्ढे की मरम्मत कर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि लोगों की जान जोखिम में न पड़े।